पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश

# 'एक पेड़ माँ के नाम' वृक्षारोपण जनसहभागिता अभियान के अंतर्गत खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

## 101 पौधे रोपकर जनसहभागिता को मिला प्रोत्साहन, पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**लखनऊ : 09 जुलाई, 2025**

पर्यावरण संरक्षण और जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने हेतु उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा आज राजधानी लखनऊ में "एक पेड़ माँ के नाम" वृक्षारोपण जनसहभागिता अभियान–2025 के अंतर्गत भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अभियान के अंतर्गत बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री शिशिर की अगुवाई में मण्डलीय प्रशिक्षण केन्द्र, डालीगंज, खादी उत्पादन केन्द्र, अमेठी (लखनऊ) तथा खादी बोर्ड मुख्यालय परिसर में कुल 101 वृक्षों का रोपण किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अर्जुन, नीम, पीपल, आम, पाकर जैसे पर्यावरण के दृष्टिकोण से उपयोगी एवं दीर्घकालीन फलदायी वृक्षों का रोपण किया गया। इन वृक्षों के चयन में विशेष ध्यान रखा गया कि वे स्थानीय पर्यावरण के अनुकूल हों और प्रदूषण नियंत्रण, छायादान एवं औषधीय गुणों के लिए प्रभावी साबित हों।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री शिशिर ने कहा कि आज के पर्यावरणीय संकटों के बीच वृक्षारोपण ही सबसे प्रभावी समाधान है। एक पेड़ माँ के नाम अभियान भावनात्मक जुड़ाव के साथ–साथ जिम्मेदारी का प्रतीक है। हर व्यक्ति यदि अपनी माँ के नाम पर एक वृक्ष लगाए और उसका संरक्षण करे, तो न केवल हरियाली बढ़ेगी बल्कि भावी पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण की सौगात मिलेगी।

इस अवसर पर बोर्ड के संयुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री सिद्धार्थ यादव, वित्तीय सलाहकार श्री मानवेन्द्र सिंह, प्राचार्य श्रीमती तनुजा, उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री मनोज दिवाकर, तथा वरिष्ठ प्रबंधक श्री अनिल कुमार सिंह सहित अनेक अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे और सभी ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

---

सम्पर्क सूत्र– अमरेश कुमार

राघवेन्द्र / 04:40 **PM**

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0 : 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in